कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-31.03.2024

विषय:- थाना शिवपुर क्षेत्रान्तर्गत दानुपुर मे ट्रक चोरी की घटना का मात्र 36 घण्टे के अंदर सफल अनावरण, थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र वांछित शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया ट्रक व ट्रक के खोले गये 08 अदद पहिया टायर के साथ बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0110/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्तगण 01- गोपाल पाल पुत्र स्व0 दुक्खू पाल निवासी आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी व 02- अभय सिंह पुत्र स्व0 अरविन्द सिंह निवासी विनोद विहार कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को गोपाल के गैरेज रुस्तमपुर थाना सारनाथ से दिनांक-30.03.2024 को समय करीब 18.15 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद चोरी गया ट्रक व ट्रक के 08 अदद पहिया को टायर के साथ बरामद कर थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन महोदय द्वारा 20,000/- रु0 इनाम की घोषणा की गयी।

घटना का विवरण-

दिनांक-29.03.2024 को वादी मुकदमा श्री दीपांशु सिंह पुत्र स्व0 अनिल कुमार सिंह निवासी एस 26/42 ए,13डी, अशोक पुरम कॉलोनी मीरापुर बसहीं थाना शिवपुर जिला वाराणसी द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी का टाटा ट्रक ट्रेलर इंडियन ऑइल पेट्रोल पम्प दानुपुर मे जो कि विगत कई महीनों से खड़ा था को चोरी कर लिया गया है, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-110/2024 धारा 379 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया, जिसकी विवचना उ0नि0 राम सिंह द्वारा की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त गोपाल पाल ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-26.03.2024 की रात को अभय सिंह मेरे पास इस ट्रक को लेकर आया था और मुझसे बोला की यह ट्रक मैं चोरी करके लाया हूँ। इसको अपनी दुकान पर खड़ी कर लो और इस ट्रक में अगर जीपीएस लगा हो तो उसे निकाल दो। इस ट्रक को मैं 1-2 दिन के अन्दर ही ले जाकर बेच दूँगा और उसमें से तुमको भी कुछ पैसे दूँगा। यह बात सुन कर मैं पैसे की लालच में आकर ट्रक को अपनी दुकान पर खड़ा कर लिया। फिर दिनांक-28.03.2024 को अभय सिंह ने मुझे एक ड्राइवर दिया और कहा कि ट्रक को गाजीपुर लेकर चलो, जहाँ ट्रक को खड़ा करना है उस जगह को मैं तुम्हें फोन पर बता दूँगा। अभियुक्त अभय सिंह के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि वह अक्सर

शाम को दारू पीने के लिये गोईठहाँ अंग्रेजी शराब के ठेके पर जाता है। सर्विलासं सेल की मदद से अभियुक्त अभय सिंह का लोकेशन प्राप्त कर लोकेशन के आधार पर गोईठहाँ शराब के ठेके के पास से मौके पर पकड़ लिया गया।

अभियुक्त अभय सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने कुछ दिन पहले आनन्द कुमार गिरी के साथ मिल कर दानूपुर पेट्रोल पम्प से एक ट्रक चोरी किया था जिसे गोपाल पाल की मदद से नन्दगंज गाजीपुर में खड़ा कराया था, इसी कारण गोपाल पाल को आप लोगो के साथ देख कर मैं डर कर भाग रहा था कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर उपरोक्त चोरी गये ट्रक UP25CT2455 को नन्दगंज गाजीपुर के पास हाईवे पर रोड के किनारे से बरामद कर लिया गया ट्रक का निरीक्षण करने पर ट्रक की बॉड़ी के 08 चक्के गायब थे, जिसके सम्बन्ध में पकड़े गये अभियुक्तों से पूछताछ किया गया तो बताये कि जब ट्रक गैरेज पर खड़ी थी तभी हम लोगो ने ट्रक के 08 चक्कों को खोल कर निकाल लिया था जो गैरेज पर ही रखे हैं, जिसे अभियुक्तगण की निशानदेही पर रुस्तमपुर गैरेज से बरामद किया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

01- गोपाल पाल पुत्र स्व0 दुक्खू पाल निवासी आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 45 वर्ष।
02- अभय सिंह पुत्र स्व0 अरविन्द सिंह निवासी विनोद विहार कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, उम्र करीब 35 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> 01 अदद चोरी का ट्रक (टाटा कम्पनी कथई कलर) जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 UP25CT2455, इंजन नम्बर ISBE591804071F63600291 व ट्रक के 08 अदद पहिया मय टायर बरामद।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

प्रभारी निरीक्षक थाना शिवपुर रविशंकर त्रिपाठी, उ0नि0 गौरव सिंह, उ0नि0 अनन्त कुमार मिश्रा,उ0नि0 संजय कुमार यादव, हे0का0 राजेश कुमार सिंह,का0 बाल मुकुन्द मौर्या व का0 ज्ञानेन्द्र यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी